# II-PERIODIC TEST : 2022-23

## CLASS - X (CBSE)

Time: 2 hrs. **HINDI [002]** M.M.: 50

नोट– i) इस प्रश्न पत्र के तीन खण्ड हैं– क, ख और ग।
ii) सभी खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
iii) यथासंभव प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें तथा लेख की स्वच्छता व स्पष्टता पर विशेष ध्यान दें।

### खण्ड –'क' अपठित बोध

Q.1. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– [1×5=5]

जिस छात्र ने समय की कीमत जान ली, वह सफलता अवश्य प्राप्त करता है। जिस छात्र ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया उसके लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कार्य पूरा न होने पर समय की दुहाई देते हैं। वास्तव में वे अपनी अकर्मण्यता एवं आलस्य को छिपाते हैं। संसार के सफलतम लोगों ने सदैव कार्यव्यस्तता में जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग ही रहा है। संसार में अथवा प्रकृति में हर वस्तु व कार्य का समय निश्चित है। समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता है।

क) सफलता प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है ?
ख) कुछ लोग समय की कमी के बहाने क्या छिपाते हैं ?
ग) संसार के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य क्या है ?
घ) कार्य किस स्थिति में फलप्रद नहीं होता है ?
ङ) 'अकर्मण्यता' शब्द में से मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए।

Q.2. नीचे दिए गये काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प चुनिए – [1×5=5]

बाधाएँ आती हैं आएँ
घिरे प्रलय की घोर घटाएँ।
पाँवों के नीचे अंगारे
सिर पर बरसे यदि ज्वालाएँ।
निज हाथों में हँसते–हँसते
आग लगाकर चलना होगा
कदम मिलाकर चलना होगा।
हास्य–रुदन में, तूफानों में
अमर असंख्यक बलिदानों में
उद्यानों में, वीरानों में
पीड़ाओं मे पलना होगा
कदम मिलाकर चलना होगा।
उजियारे में, अंधकार में
क्षणिक जीत में, दीर्घ हार में
जीवन के शत–शत आकर्षक
अरमानों को ढलना होगा
कदम मिलाकर चलना होगा।

क) कवि विपदाओं में मानव से क्या आग्रह करता है ?
i) अरमानों को ढलना होगा
ii) ज्वालाओं में जलना होगा
iii) बलिदान देना होगा
iv) कदम मिलाकर चलना होगा

ख) सिर पर ज्वालाओं के जलने पर क्या करना होगा ?
i) घावों को भरना होगा
ii) तम को दूर करना होगा
iii) आग जलाकर चलना होगा
iv) पीड़ाओं को सहना होगा

ग) हास्य–रुदन का क्या अर्थ है ?
i) हँसना–रोना ii) नाचना–गाना
iii) हँसना–रूठना iv) रूठना–मनाना

घ) कवि ने किस प्रकार की जय व पराजय का वर्णन किया है ?
- i) वीरों की जीत कायरों की हार
- ii) छोटी जीत और बड़ी हार
- iii) आत्म सम्मान की जीत
- iv) घृणा से जीत प्रेम से हार

ङ) उपर्युक्त कविता में क्या संदेश निहित है ?
- i) हमें हमेशा उत्साह से कार्य करना चाहिए।
- ii) अपना कार्य अकेले व अलग रहकर करना चाहिए।
- iii) सभी का सहयोग करना चाहिए।
- iv) संकटों से डरकर रहना चाहिए।

## खण्ड –ख' (व्याकरण)

Q.3. वाक्य पर आधारित प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प चुनिए – (कोई चार)

क) निम्नलिखित में सरल वाक्य है – [1]
- i) उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ।
- ii) मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया।
- iii) जब तुम जाओगे तभी मैं जाऊँगा।
- iv) वह मेहनत करके सफल हुआ।

ख) मैं नहीं जानता कि <u>वह कहाँ है</u>? रेखांकित अंश है– [1]
- i) उद्देश्य  ii) प्रधान उपवाक्य
- iii) आश्रित उपवाक्य  iv) संयुक्त उपवाक्य

ग) आश्रित उपवाक्य कितने प्रकार के होते हैं ? [1]
- i) दो  ii) तीन  iii) पाँच  iv) चार

घ) 'यह वही पुस्तक है <u>जिसे मैं खोज रहा था</u>।' आश्रित उपवाक्य किस प्रकार का है ? [1]
- i) संज्ञा आश्रित  ii) क्रिया विशेषण आश्रित
- iii) विशेषण आश्रित  iv) सर्वनाम आश्रित

ङ) 'वह मुझसे मिलकर चला गया।'– वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा – [1]
- i) वह मुझसे मिला और चला गया।
- ii) जब वह मुझसे मिला तब चला गया।
- iii) वह मुझसे मिला किंतु चला गया।
- iv) चूँकि वह मुझसे मिला इसलिए चला गया।

Q.4. वाच्य आधारित प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प का चुनाव कीजिए– (कोई चार)

क) वाच्य के कितने प्रकार हैं– [1]
- i) तीन  ii) चार  iii) दो  iv) पाँच

ख) व्याकरणिक दृष्टि से क्रिया का विधान क्या कहलाता है ? [1]
- i) वाक्य  ii) वाच्य  iii) संज्ञा  iv) क्रिया

ग) 'फल तोड़ लिये गए।' वाच्य का प्रकार है– [1]
- i) भाववाच्य  ii) कर्तृवाच्य  iii) कर्मवाच्य  iv) कोई नहीं

घ) 'लड़कियों के द्वारा गीत गाया गया।' –वाक्य में कर्म है– [1]
- i) गीत  ii) लड़कियों  iii) गाया  iv) कोई नहीं

ङ) भाववाच्य वाला वाक्य है– [1]
- i) मैं गीत नहीं गा पाऊँगा।
- ii) मेरे द्वारा पत्र लिखा गया।
- iii) घायल पक्षी उड़ न सका।
- iv) छत पर कैसे सोया जाएगा।

Q.5. अलंकार आधारित प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प चुनिए–(कोई तीन)

क) अतिशयोक्ति अलंकार का उदाहरण है– [1]
- i) देख लो साकेत नगरी है यही, स्वर्ग से मिलने गगन को जा रही।
- ii) आ रही रवि की सवारी।
- iii) मंगन को देख पट देत बार–बार है।
- iv) तीन बेर खाती थीं सो तीन बेर खाती हैं।

ख) मानवीकरण अलंकार का उदाहरण है– [1]

i) फूल हँसे कलियाँ मुसकाईं।
ii) मुख मानो चन्द्रमा है।
iii) मधुवन की छाती को देखो सूखी कितनी इसकी कलियाँ।
iv) हनूमान की पूँछ में लगन न पाई आग।
लंका सगरी जल गई गए निशाचर भाग।।

ग) 'मानो झूम रहे हैं तरु भी, मन्द पवन के झोंकों से' –पंक्ति में अलंकार है– [1]

i) अतिशयोक्ति ii) मानवीकरण iii) श्लेष iv) उत्प्रेक्षा

घ) एक शब्द के कई अर्थ निकलने पर कौन सा अलंकार होता है ? [1]

i) श्लेष ii) उत्प्रेक्षा
iii) मानवीकरण iv) अतिशयोक्ति

Q.6. पद परिचय पर आधारित प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प का चुनाव कीजिए–(कोई तीन)

क) वाक्य में प्रयुक्त शब्द क्या कहलाता है ? [1]

i) उद्देश्य ii) विधेय iii) कर्ता iv) पद

ख) <u>गौरव</u> ने पत्र लिखा। रेखांकित पद का परिचय है– [1]

i) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ताकारक
ii) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक
iii) व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्ताकारक
iv) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ताकारक

ग) लता मधुर <u>गीत</u> गाती है। रेखांकित पद का परिचय है– [1]

i) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्मकारक
ii) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ताकारक
iii) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, करण कारक
iv) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक

घ) हवा <u>धीरे–धीरे</u> चल रही थी। –रेखांकित शब्द क्या है ? [1]

i) क्रिया ii) क्रिया विशेषण
iii) संज्ञा iv) सर्वनाम

**खण्ड 'ग' (क्षितिज)**

Q.7. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प चुनिए–

बालगोबिन भगत साधु थे। साधु की सभी परिभाषाओं में खरे उतरने वाले। कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते। कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो–टूक बात करने में संकोच नहीं करते। न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते। किसी की चीज़ नही छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते। इस नियम को कभी–कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता।"

क) बालगोबिन भगत के साहब कौन थे ? [1]

i) भगवान ii) कबीर iii) अफसर iv) गाँववाले

ख) भगत के चरित्र की विशेषताएँ हैं– [1]

i) दो टूक बात करना ii) खरा व्यवहार करना
iii) किसी की चीज़ न छूना iv) उपरोक्त सभी

ग) लोगों को कुतूहल क्यों होता था ? [1]

i) भगत का गाना सुनकर ii) उनका नियम पालन देखकर
iii) उनका साधु वाला रूप देखकर iv) भगत का घर देखकर

घ) इस गद्यांश के लेखक कौन हैं ? [1]

i) स्वयं प्रकाश ii) रामवृक्ष बेनीपुरी
iii) यशपाल iv) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

ङ) बालगोबिन भगत किसके आदेशों पर चलते थे ? [1]

i) कबीर ii) जायसी iii) महात्मा बुद्ध iv) गुरु

Q.8. पठित पाठों के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प चुनिए –

क) कस्बे में लगी नेताजी की मूर्ति किसने बनाई थी ? [1]

i) वहाँ के लोगों ने ii) कस्बे के ड्राइंग मास्टर ने

iii) हालदार साहब ने iv) कैप्टन ने

ख) बालगोबिन भगत की उम्र लगभग कितनी थी ? [1]

i) पचपन साल ii) तीस साल iii) पचास साल iv) साठ साल

Q.9. नीचे लिखे काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए –

नाथ संभुधनु भंजनिहारा।
होइहिं केउ एक दास तुम्हारा।।
आयेसु काह कहिअ किन मोही।
सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही।।
सेवकु सो जो करै सेवकाई।
अरिकरनी करि करिअ लराई।।

क) 'नाथ' शब्द किसके लिए आया है ? [1]

i) लक्ष्मण ii) श्रीराम

iii) परशुराम iv) शिवजी

ख) सेवक का क्या कार्य है ? [1]

i) बहस करना ii) हँसी उड़ाना

iii) सेवा करना iv) अपमान करना

ग) दास कौन है ? [1]

i) श्रीराम ii) लक्ष्मण

iii) परशुराम iv) सभी

घ) उपर्युक्त काव्यांश किस भाषा में रचित है ? [1]

i) ब्रज ii) हिन्दी

iii) अवधी iv) संस्कृत

ङ) उपर्युक्त पंक्तियाँ किस छन्द के अन्तर्गत आती है ?– [1]

i) दोहा ii) चौपाई

iii) सोरठा iv) रोला

Q.10. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए–

क) उद्धव जी के व्यवहार की तुलना किससे की गई है ? [1]

i) कमल के पत्ते से ii) तेल की गागर से

iii) उपर्युक्त दोनों से iv) इनमें से कोई नहीं

ख) 'पाथेय' शब्द का क्या अर्थ है ? [1]

i) पथ का सहारा ii) पथ का साथी

iii) पथ पर आना iv) पथ के गीत

Q.11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [2×3=6]

क) चश्मेवाला कभी–कभी नेताजी से क्षमा क्यों माँगता था ?

ख) बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी ?

ग) 'नेताजी का चश्मा' पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

घ) लेखक ने बालगोबिन भगत के संगीत को जादू क्यों कहा है ?

Q.12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [2×3=6]

क) स्मृति को पाथेय बनाने से कवि का क्या आशय है ? स्पष्ट कीजिए।

ख) 'मरजादा न लही' के माध्यम से कौन सी मर्यादा न रहने की बात की जा रही है ?

ग) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या–क्या विशेषताएँ बताई हैं ?

घ) 'साहस और शक्ति के साथ विनम्रता हो तो बेहतर है' इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

*****